# रीति विधान और अनुमानों में संशोधन संबंधी टिप्पणियां

विभिन्न समाहारों के आकलन में अपनाए गए आंकड़ा आधार तथा रीति विधान दोनों की व्यापक समीक्षा के बाद 5 मार्च, 2010 को जारी "राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी नई अंकमाला" (आधार वर्ष 2004-05) नामक एक विवरणिका के जरिए राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी मौजूदा अंकमाला प्रारंभ की गई थी । राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) के इस अंक में प्रस्तुत किए गए अनुमान ऊपर उल्लिखित विवरणिका में दिए गए रीतिविधान पर आधारित हैं ।

वृहद आर्थिक समाहारों, घरेलू उत्पाद, उपभोग, बचत तथा पूंजी निर्माण, सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहारों तथा असमाहारित विवरणों संबंधी सामान्य विवरणियों के अलावा इस अंक में पांच विशेष विवरण शामिल हैं । विवरण एस-I.I और एस-1.2 में प्रचलित व स्थिर (2004-05) मूल्यों पर वृहद आर्थिक समाहार प्रस्तुत किए गए हैं । विगत की भांति, विवरण एस-2 विभिन्न संस्थाओं की लेखा बहियों में उपलब्ध कराए गए मूल्यह्रास को दर्शाता है । विवरण एस-3 में लागत उत्पादन संव्यवहार सारणियों हेतु विशेष रुप से तैयार किए गए लागत उत्पादन अनुपातों का उपयोग करते हुए पशुधन क्षेत्र से उत्पादन तथा घरेलू उत्पाद मूल्य दर्शाया गया है । विशेष विवरण एस-4, एस-5, तथा एस-6 में प्रचलित और स्थिर (2004-05) मूल्यों पर वर्ष 2013-14 के लिए बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के अग्रिम, तिमाही अनुमान और जीडीपी व्यय के तिमाही अनुमान दिए गए हैं ।

नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण अनुमानों में किए गए संशोधनों के स्रोत नीचे दिए गए हैं-

## नए/संशोधित आंकड़ों के कारण अनुमानों का संशोधन

नए/संशोधित आंकड़ों के उपलब्ध होने के कारण एनएएस 2013 में प्रकाशित वृहद आर्थिक समाहारों तथा उनके पृथक-पृथक घटकों के पिछले वर्षों के प्रथम संशोधित (पूर्व में "त्वरित" से संदर्भित) अनुमानों तथा अनुमानों में संशोधन किया गया है । अनुमानों के संशोधन हेतु प्रयोग किए गए आंकड़ों के स्रोत नीचे दिए गए हैं-

## क: देशीय उत्पाद

### *1. कृषि*

1.1 फसलों के समस्त भारत के अंतिम अनुमान 2011-12 एवं 2012-13 ।

1.2 भूमि उपयोग सांख्यिकी- फसलाधीन क्षेत्र- 2010-11, 2011-12 तथा राज्यों से प्राप्त आंकड़े ।

1.3 पशुपालन और डेयरी विभाग, कृषि मंत्रालय से प्राप्त दूध, अण्डे और ऊन उत्पादन के 2011-12 और 2012-13 तक के संशोधित अनुमान।

1.4 राज्य सरकारों से प्राप्त वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए मांस उत्पादन के संशोधित अनुमान ।

1.5 राज्य सरकारों से प्राप्त 2011-12 और इससे आगे के वर्षों के कृषिगत वस्तुओं और पशुधन उत्पादों के मूल्यों के संशोधित आंकड़े ।

### *2. वानिकी एवं लट्ठे बनाना*

प्रधान मुख्य वन संरक्षक/राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त 2010-11 एवं 2011-12 हेतु ईंधन लकड़ी के मूल्यों संबंधी आंकड़े तथा औद्योगिक लकड़ी एवं गौण वन उत्पादों के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

### *3. मत्स्यन*

राज्य मत्स्य विभागों, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय और राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त वर्ष 2010-11 से 2012-13 हेतु समुद्री मछली, देशी मछली एवं झींगा के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

### *4. खनन और उत्खनन*

4.1 भारतीय खान ब्यूरो (आई.बी.एम.) द्वारा जारी "मासिक खनिज उत्पादन सांख्यिकी" मार्च, 2013 से खनिज उत्पादन 2011-12 और 2012-13 के आंकड़े ।

4.2 कोल इंडिया लि.एवं इसकी सहायक कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

4.3 कोल डायरेक्टरी आफ इंडिया ।

4.4 तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) से प्राप्त लागत-उत्पादन आंकड़े ।

4.5 नेवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन से प्राप्त लागत आंकड़े ।

4.6 आई.बी.एम. से प्राप्त 2010-11 हेतु खनिजों के लागत आंकड़े ।

4.7 राज्य भू-विज्ञान विभागों से प्राप्त, गौण खनिजों का उत्पादन 2004-05 से 2012-13 तक ।

4.8 नमक आयुक्त के कार्यालय से प्राप्त नमक उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

## *5. विनिर्माण (पंजीकृत)*

5.1 के.सां.का., औद्योगिक सांख्यिकी स्कंध कोलकाता से वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, 2004-05 से 2011-12 तक ।

5.2 के. सां. का. से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ।

5.3 आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय से प्राप्त डब्ल्यू. पी. आई.,।

5.4 रक्षा (विनिर्माण इकाई) के बारे में रक्षा मंत्रालय से लागत-उत्पादन आंकड़े ।

5.5 रेलवे वर्कशाप के केन्द्र/राज्य बजट, टकसालों तथा प्रतिभूति मुद्रणालय हेतु सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के वार्षिक लेखे ।

## *6. विनिर्माण (अपंजीकृत)*

6.1 विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम के कार्यालय द्वारा आयोजित सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम 2006-07 संबंधी चौथी अखिल भारत गणना ।

6.2 एनएसएसओ द्वारा भारत में असंगठित विनिर्माण क्षेत्र संबंधी रिपोर्ट, 2005-06, रिपोर्ट सं.526 (62/2.2/3) ।

6.3 कार्यबल (डब्ल्यू एफ) अनुमानों हेतु एनएसएस/जनगणना ।

6.4 के. सां. का. से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ।

6.5 आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) ।

## *7. निर्माण*

7.1 क्रम सं. 2 और 5 पर सूचीबद्ध स्रोत ।

7.2 गैर-सरकारी कंपनियों का वित्त, भारतीय रिजर्व बैंक ।

7.3 राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त बागवानी फसलों पर क्षेत्र संबंधी आंकड़े ।

7.4 आर्थिक सलाहकार कार्यालय से सीमेंट के उत्पादन (8 प्रमुख उद्योग से प्राप्त सूचना) संबंधी आंकड़े ।

7.5 ज्वाइंट प्लांट कमेटी से लोहा एवं इस्पात के आंकड़े ।

### *8. विद्युत, गैस और जल आपूर्ति*

8.1 राज्य विद्युत बोर्डों/केन्द्र एवं राज्य कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

8.2 निजी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन करने वाली कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

8.3 अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से पवन ऊर्जा के मूल्य वर्धन संबंधी आंकड़े ।

8.4 गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (जीएआईएल) की वार्षिक रिपोर्टें ।

8.5 इन्द्रप्रस्थ गैस लि.(आईजीएल) की वार्षिक रिपोर्ट ।

8.6 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से बायो गैस संयंत्रों की संख्या ।

8.7 खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ।

8.8 केन्द्र एवं राज्यों के बजट दस्तावेज ।

8.9 केरल जल प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट ।

### *9. व्यापार, होटल और जलपान गृह*

9.1 2010-11 और उससे आगे के लिए क्रम संख्या 1,2,3,4,5 और 6 पर दर्शाये गये वस्तु उत्पादन क्षेत्रों के उत्पादन के मूल्य में परिवर्तन ।

9.2 2010-11 से आगे के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टें ।

9.3 वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस), वाणिज्य मंत्रालय से वर्ष 2010-11 से 2012-13 के आयात यूनिट वैल्यू के सूचकांक

### *10. रेलवे, संचार और लोक प्रशासन एवं रक्षा*

10.1 2011-12 के लिए वास्तविक आंकड़े एवं वर्ष 2012-13 के लिए संशोधित अनुमान दर्शाते हुए वर्ष 2013-14 के बजट दस्तावेज ।

10.2 वर्ष 2010-11 से आगे के लिए महानगर टेलीफोन निगम लि. (एमटीएनएल), मिलेनियम टेलीकम्युनिकेशन्स लि. (एमटीएल), भारत संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल) और कोंकण रेलवे एवं डी.एम.आर.सी. का वार्षिक लेखा ।

10.3 निजी संचार के संबंध में 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

### *11. अन्य साधनों द्वारा परिवहन और भंडारण*

11.1 वर्ष 2011-12 के लिये मोटर वाहनों की संख्या संबंधी अतिरिक्त जानकारी ।

11.2 वर्ष 2010-11 से आगे के लिये सड़क, जल और वायु परिवहन गतिविधियों में लगे सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और निजी कंपनियों की अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टें ।

11.3 क्रम संख्या 10.1 पर सूचीबद्ध सड़क परिवहन गतिविधियों में लगे अन्य विभागीय उद्यम एवं पत्तन, विमान चालन और प्रकाश स्तंभों संबंधी आंकड़ों के बजट दस्तावेज ।

11.4 केन्द्रीय और राज्य भण्डारगृह निगमों के अतिरिक्त वार्षिक लेखे ।

11.5 वर्ष 2011-12 से आगे के लिए मुख्य एवं छोटे पत्तनों पर कार्गो की उतराई एवं लदान ।

11.6 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

11.7 वर्ष 2010-11 व इससे आगे के लिये प्रतिदर्श कम्पनियों का आर. बी. आई. द्वारा अध्ययन |

### *12. बैंकिंग और बीमा*

गैर-सरकारी गैर-वित्तीय संस्थाओं पर आरबीआई के प्रतिदर्श अध्ययन उपलब्ध हो जाने के कारण तथा गैर-विभागीय वित्तीय उद्यमों से संबंधित अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टों/लेखाओं की उपलब्धता के कारण भी वर्ष 2011-12 से बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के वर्धित मूल्य में संशोधन किया गया है । बीमा गतिविधियों में लगी निजी कंपनियों का विश्लेषण किया गया और इस क्षेत्र में शामिल किया गया है । स्थायी पूंजी की खपत में परिवर्तन के कारण अनुमानों में संशोधन किया गया ।

### *13. स्थावर संपदा, आवासों का स्वामित्व और व्यापार सेवाएं तथा विधिक सेवा क्षेत्र*

13.1 वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 के लिए सॉफ्टवेयर उत्पादन पर नेसकाम के आंकड़े ।

13.2 वर्ष 2010-11 से ए.आई.डी.आई.एस. आधारित आवास यूनिटों की मरम्मत एवं अनुरक्षण संबंधी आंकड़े ।

13.3 सेवाओं संबंधी 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

### *14. अन्य सेवाएं*

14.1 सीपीआई(ए एल) एवं सीपीआई (आई डब्ल्यू)।

14.2 सेवा क्षेत्र संबंधी 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

## **ख. निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत और पूंजी-निर्माण**

### *15. निजी अंतिम उपभोग व्यय*

उत्पादन, स्टॉक में परिवर्तन, निर्यात और आयात आदि के नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण 2010-1 से आगे के वर्ष के अनुमानों को संशोधित किया गया है । इसके स्रोत भारत के विदेश व्यापार की मासिक सांख्यिकी और 1-14, और 17.9 पर सूचीबद्ध स्रोत हैं ।

### *16. बचत*

16.1 आर. बी. आई. से प्राप्त परिवार क्षेत्र के लिए निवल जमा, शेयरों और डिबेंचरों में निवेश, सरकार पर निवल दावे आदि संबंधी संशोधित आंकड़े ।

16.2 वास्तविक परिसंपत्तियों में बचत के अनुमानों में संशोधन हेतु कृपया मद 17 देखें ।

16.3 आर. बी. आई. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र की बचत संबंधी संशोधित आंकड़े ।

16.4 सहकारी समितियों की बचत को, जी. वी. ए., व्यापार और विनिर्माण में संशोधन के कारण संशोधित किया गया |

16.5 स्थायी पूंजी उपभोग के अनुमानों के संशोधन और विभागीय उद्यमों एवं बजट दस्तावेजों से प्रशासनिक विभागों, आरबीआई के वार्षिक लेखा विवरणों के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नए आंकड़ों की उपलब्धता के कारण 2010-11 से सार्वजनिक क्षेत्र की बचत संशोधित की गई ।

### *17. पूंजी निर्माण*

17.1 क्रम संख्या 5,6,7,8.1,10.1 और 10.2 पर उल्लिखित स्रोत ।

17.2 भारत में विदेश व्यापार की मासिक सांख्यिकी ।

17.3 वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2010-11 और 2011-12 तक, के.सां. कार्यालय, आई एस विंग, कोलकाता ।

17.4 आर.बी.आई. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र के पूंजी-निर्माण संबंधी संशोधित आंकड़े

17.5 वर्ष 2010-11 से सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजी निर्माण संशोधित आंकड़े ।

17.6 आर्थिक सलाहकार के कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक ।

17.7 केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय से प्राप्त औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी)।

17.8 उत्पाद एवं आयात शुल्क – कर और अनुसंधान इकाई, वित्त मंत्रालय से भारत संघ के सीमा शुल्क और राजस्व संग्रह के आंकड़े ।

17.9 निर्यात आयात डाटा बैंक, डीजीसीआईएस, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ।

### *18. स्थायी पूंजी उपभोग*

स्थायी पूंजी उपभोग (सीएफसी) के अनुमान, सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमानों में संशोधन के कारण संशोधित किये गए हैं, जैसा मद 17 पर उल्लेख किया गया है ।

## ग. सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार

सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार संबंधी विवरणों में विभागीय उद्यम और बजट दस्तावेजों से प्राप्त प्रशासनिक विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक लेखों, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), और गैर-विभागीय उद्यमों के वार्षिक लेखों के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नये आंकड़ों की उपलब्धता के कारण वर्ष 2010-11 से संशोधन किया गया है ।

## घ. संगठित और असंगठित क्षेत्रों की कारक आय

संगठित और असंगठित क्षेत्रों के कारक आय के आकलन की विस्तृत अवधारणाएं ''राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी: सोर्सेज एंड मेथड्स, 2012'' में दी गई हैं ।

.........

मई 2013 में जारी अनंतिम अनुमानों और जनवरी 2014 में जारी प्रथम संशोधित अनुमानों के बीच जीडीपी, 2012-13 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | जीडीपी वृद्धि 2012-13 | | अंतर के कारण |
|---|---|---|---|
| | मई 2013 | जन. 2014 | |
| 1. कृषि, वानिकी और मत्स्ययन | 1.9 | 1.4 | मई 2013 के अनुमान संकेतक आधारित थे । जनवरी 2014 के अनुमानों के वास्तविक आंकड़े प्रयोग किए गए हैं । |
| 2. खनन तथा खदान कार्य | -0.6 | -2.2 | प्रमुख तथा लघु खनिजों के बारे में नवीन आंकड़े उपलब्ध होने और प्रमुख तथा लघु खनिजों के इनपुट में संशोधन की वजह से अनुमानों में संशोधन हुआ है । मई 2013 के अनुमान आईआईपी खनन में देखी गई वृद्धि पर आधारित थे। |
| 3. विनिर्माण | 1.0 | 1.1 | जनवरी 2014 में वर्ष 2012-13 के अनुमान प्राप्त करने के लिए एएसआई 2011-12 (अनंतिम) परिणामों का प्रयोग करने के कारण कम अंतर है ।<br>तथापि, मई 2013 के अनुमान विनिर्माण क्षेत्र में आईआईपी वृद्धि पर आधारित थे । एफआईएसआईएम के अनुमान में भी संशोधन किया गया है । |
| 4. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति | 4.2 | 2.3 | विद्युत बोर्डों/निगमों की रिपोर्टों एवं राज्य बजट दस्तावेज़ों के विस्तृत विश्लेषण के कारण अधोगामी संशोधन । मई 2013 के अनुमान बिजली क्षेत्र के आईआईपी में देखी गई वृद्धि पर आधारित थे । |
| 5. निर्माण | 4.3 | 1.1 | स्रोत एजेंसियों तथा आधार प्रभाव से संशोधित आंकड़े (2011-12 के जीवीए में उर्ध्वगामी संशोधन) । |
| 6 व्यापार, होटल, परिवहन, भंडारण तथा संचार | 6.4 | 5.1 | जिन्स उत्पादन करने वाले क्षेत्रों के जीवीओ तथा संशोधित निजी निगम क्षेत्र में संशोधन । |
| 7. वित्तीय, बीमा, जमीन जायदाद और कारोबार सेवाएं | 8.6 | 10.9 | मई 2013 के अनुमान सूचक आधारित थे जबकि जनवरी 2014 के अनुमान बैंको, केन्द्रीय वित्त कंपनियों तथा बीमा कंपनियों के सटीक विश्लेषण पर आधारित हैं । |
| 8. सामुदायिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सेवाएं | 6.6 | 5.3 | बजट दस्तावेजों से राजस्व व्यय पर आधारित पिछले अनुमानों की तुलना में केंद्र तथा राज्य सरकारों के संशोधित बजट अनुमानों का उपयोग करके किए जा रहे विस्तृत विश्लेषण की वजह से अनुमानों में संशोधन । |
| 9. कारक लागत पर जीडीपी (1 से 9) | 5.0 | 4.5 | ----- |

जनवरी 2013 में जारी प्रथम संशोधित अनुमानों और जनवरी 2014 में जारी अनुमानों के बीच जीडीपी, 2011-12 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | जीडीपी वृद्धि 2011-12 | | अनुमानों में अंतर के कारण |
|---|---|---|---|
| | जन. 2013 | जन. 2014 | |
| 1. कृषि | 3.9 | 5.3 | पहले, पूर्ण आंकड़े उपलब्ध नहीं थे तथा जहां कहीं अपेक्षित था वृद्धि दरों को प्रयोग किया गया था । वास्तविक आंकड़ों की प्राप्ति पर फलों व सब्जियों, मसलों और फाइबर में वर्ष 2011-12 में अच्छी वृद्धि देखी गई । |
| 2. वानिकी और चिरान | 2.4 | 1.9 | इससे पूर्व, अनुमान संकेतकों पर आधारित थे । वास्तविक आंकड़ों की प्राप्ति पर पाया गया कि औद्योगिक लकड़ी का उत्पादन घट गया है, वानिकी और चिरान सेक्टर के अंतर्गत जिसका मुख्य योगदान है । |
| 3. मत्स्ययन | 1.8 | 5.7 | राज्यों से वास्तविक आंकड़े प्राप्त हो किए गए हैं तथा इससे पूर्व, के अनुमान संकेतकों पर आधारित थे । इसके अलावा, राज्य डीईएस द्वारा प्रदत्त वास्तविक आंकड़ों में झिंगा उत्पादन में अधिक वृद्धि रही । |
| 4. खनन तथा खदान कार्य | -0.6 | 0.1 | अनुमानो में संशोधन प्रमुख एवं गौण खनिजों तथा उनकी इनपुट दरों के वास्तविक आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 2.6 | 9.4 | जनवरी 2014 में 2012-13 के अनुमान प्राप्त करने के लिए 2011-12 (अनंतिम) परिणामों की उपलब्धता के कारण । तथापि जनवरी 2013 के अनुमान विनिर्माण सेक्टर में आईआईपी वृद्धि पर आधारित थे । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 3.0 | 2.7 | एफ.आई.एस.आई.एम. में सुधार के कारण । |
| 7. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति | 6.5 | 8.4 | ऊर्ध्वगामी संशोधन गैस (गेल) के अनुमानों में संशोधन के कारण । |
| 8. निर्माण | 5.6 | 10.8 | मुख्य रूप से, अनंतिम एसआई परिणामों के प्रयोग के लिए निर्माण सामग्री के उत्पादन के मूल्य में संशोधन के कारण । |
| 9. व्यापार | 6.5 | 1.0 | आरबीआई से प्राप्त कार्पोरेट वृद्धि दर में संशोधन तथा वाल्यूम सूचकांक में परिवर्तन के कारण । |
| 10. होटल तथा रेस्तरॉ | 2.8 | 3.8 | जी. टी. आई. सूचकांक में परिवर्तन के कारण । |
| 11. रेलवे | 7.5 | 7.5 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 12. अन्य जरियों से परिवहन | 8.6 | 8.6 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 13. भंडारण | 9.4 | 2.9 | भंडारण सूचकांक में परिवर्तन कारण । |
| 14. संचार | 8.3 | 11.2 | आरबीआई से प्राप्त कार्पोरेट वृद्धि दर में संशोधन तथा उपयोग किए गए यूसेज मिनटों की मात्रा में वृद्धि के कारण । |
| 15. बैंकिंग तथा बीमा | 13.2 | 12.9 | गैर-सरकारी गैर-बैंकिंग वित्तिय संस्थानों, सहकारी बैंकों आदि पर राज्य वित्तिय निगमों, आरबीआई के संबंध में नवीन आंकड़ों को शामिल करने के कारण गौण परिवर्तन । |
| 16. जमीन जायदाद, आवासों का स्वामित्व, कारोबार तथा लीगल सेवाएं | 10.3 | 9.9 | आरबीआई से प्राप्त कार्पोरेट वृद्धि दर में संशोधन तथा आवासों (ग्रामीण) के स्वामित्व के अनुमानों में परिवर्तन के कारण । |
| 17. लोक प्रशासन तथा रक्षा | 5.4 | 4.2 | जनवरी 2013 में प्रयुक्त वर्ष 2011-12 के संशोधित अनुमानों के स्थान पर जनवरी 2014 के अनुमानों में 2010-11 की संख्याओं (वास्तविक) में संशोधन तथा 2011-12 की वास्तविक संख्याओं का प्रयोग । |
| 18. अन्य सेवाएं | 6.5 | 5.4 | शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा मनोरंजन (प्रसार भारती) के सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों में परिवर्तन के कारण । |
| 19. कारक लागत पर जीडीपी | 6.2 | 6.7 | ----- |

जनवरी 2013 में जारी अनुमानों और जनवरी 2014 में जारी अनुमानों के बीच जीडीपी, 2010-11 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | जीडीपी वृद्धि 2010-11 | | अनुमानों में अंतर के कारण |
|---|---|---|---|
| | जन. 2013 | जन. 2014 | |
| 1. कृषि | 8.8 | 9.5 | देखी गई भिन्नताएं मुख्य रूप से वर्ष 2010-11 के आंकड़ों के लिए तुलनात्मक राज्य आय अनुमानों पर चर्चाओं के दौरान उत्पादन को अंतिम रूप देने के कारण हैं । इसके अलावा कुछ गौण फसलों संबंधी आंकड़े केवल तुलनात्मक चर्चाओं के दौरान राज्यों द्वारा प्रदान किए गए थे । |
| 2. वानिकी और चिरान | 2.2 | 2.4 | राज्यों से प्राप्त वास्तविक आंकड़े । |
| 3. मत्स्ययन | 5.4 | 5.8 | राज्यों से प्राप्त वास्तविक आंकड़े । |
| 4. खनन तथा खदान कार्य | 4.9 | 6.5 | ऊर्ध्वगामी सुधार गौण खनिजों संबंधी आंकड़ों की उपलब्धता तथा मुख्य खनिजों की इनपुट दरों में संशोधन के कारण है । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 10.9 | 9.6 | एएसआई 2010-11 (अंतिम) परिणामों के प्रयोग के कारण अधोगामी संशोधन । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 7.2 | 7.2 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 7. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति | 5.2 | 5.3 | मामूली परिवर्तन जलापूर्ति-सार्वजनिक भाग के अनुमानों में परिवर्तन के कारण है । |
| 8. निर्माण | 10.2 | 5.7 | मुख्य रूप से, एएसआई-2010-11 के अंतिम परिणामों के प्रयोग के संबंध में निर्माण सामग्र के उत्पादन के मूल्य में संशोधन के कारण । |
| 9. व्यापार | 11.5 | 12.0 | जी टी आई सूचकांक में परिवर्तन के कारण । |
| 10. होटल तथा रेस्तरॉ | 10.8 | 11.6 | जी टी आई सूचकांक में परिवर्तन के कारण । |
| 11. रेलवे | 5.9 | 5.9 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 12. अन्य जरियों से परिवहन | 8.2 | 8.2 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 13. भंडारण | 2.2 | 3.7 | राज्य भंडारघरों कार्पोरेशनों के सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों में परिवर्तन के कारण । |
| 14. संचार | 25.4 | 21.8 | उपयोग किए गए यूसेज मिनटों की मात्रा में वृद्धि के कारण । |
| 15. बैंकिंग तथा बीमा | 14.9 | 14.9 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 16. जमीन जायदाद, आवासों का स्वामित्व, कारोबार तथा लीगल सेवाएं | 6.0 | 5.9 | आवासों (ग्रामीण) के स्वामित्व के अनुमानों में परिवर्तन के कारण । |
| 17. लोक प्रशासन तथा रक्षा | 0.0 | -0.4 | एसडीपी चर्चाओं के उपरान्त 2010-11 संख्याओं (वास्तविक) में संशोधन । |
| 18. अन्य सेवाएं | 8.0 | 8.2 | शिक्षा, स्वास्थय और स्वच्छता के सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों में परिवर्तन के कारण। |
| 19. कारक लागत पर जीडीपी | 9.3 | 8.9 | ----- |

जनवरी 2013 में जारी अनुमानों और जनवरी 2014 में जारी अनुमानों के बीच जीडीपी, 2009-10 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | जीडीपी वृद्धि 2009-10 | | अनुमानों में अंतर के कारण |
|---|---|---|---|
| | जन. 2013 | जन. 2014 | |
| 1. कृषि | 0.4 | 0.4 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 2. वानिकी और चिरान | 2.9 | 2.9 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 3. मत्स्ययन | 3.2 | 3.2 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 4. खनन तथा खदान कार्य | 5.9 | 5.9 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 14.1 | 14.6 | एफ.आई.एस.आई.एम. के अनुमानों में संशोधन के कारण, बैंकिंग आंकड़ों में परिवर्तन के कारण । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 5.4 | 4.4 | एफ.आई.एस.आई.एम. के अनुमानों में संशोधन के कारण, बैंकिंग आंकड़ों में परिवर्तन के कारण । |
| 7. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति | 6.2 | 6.2 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 8. निर्माण | 6.7 | 6.7 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 9. व्यापार | 8.5 | 8.5 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 10. होटल तथा रेस्तरॉ | 1.9 | 1.9 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 11. रेलवे | 8.8 | 8.8 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 12. अन्य जरियों से परिवहन | 7.3 | 7.3 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 13. भंडारण | 19.3 | 19.3 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 14. संचार | 31.5 | 31.5 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 15. बैंकिंग तथा बीमा | 11.4 | 11.4 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 16. जमीन जायदाद, आवासों का स्वामित्व, कारोबार तथा लीगल सेवाएं | 8.3 | 8.3 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 17. लोक प्रशासन तथा रक्षा | 17.6 | 17.6 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 18. अन्य सेवाएं | 7.2 | 7.2 | कोई परिवर्तन नहीं । |
| 19. कारक लागत पर जीडीपी | 8.6 | 8.6 | कोई परिवर्तन नहीं । |

# संकेताक्षर

## ABBREVIATIONS

| | | |
|---|---|---|
| कर्मचारियों का पारिश्रमिक | CE | Compensation of Employees |
| स्थायी पूंजी अवक्षय | CFC | Consumption of Fixed Capital |
| लागत, बीमा और भाड़ा | c.i.f. | cost, insurance and freight |
| केन्द्रीय सांख्यिकी **कार्यालय** | CSO | Central Statistics Office |
| अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि मंत्रालय | DESAg | Directorate of Economics and Statistics, Ministry of Agriculture |
| वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय | DGCI&S | Directorate General of Commercial Intelligence and Statistics |
| रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय | DGET | Directorate General of Employment and Training |
| पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय | DGS&D | Directorate General of Supplies and Disposal |
| राज्यों के आर्थिक व सांख्यिकी निदेशालय | DESs | Directorate of Economics & Statistics of State Governments |
| कर्मचारी भविष्य निधि संगठन | EPFO | Employees Provident Fund Organisation |
| अप्रत्यक्ष अनुमानित वित्तीय अंतर्निहित सेवाएं | FISIM | Financial Intermediary Services Indirectly Measured |
| जहाज तक निःशुल्क | f.o.b. | free on board |
| सकल पूंजी निर्माण | GCF | Gross Capital Formation |
| सकल देशीय उत्पाद | GDP | Gross Domestic Product |
| सकल देशीय बचत | GDS | Gross Domestic Saving |
| सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | GFCE | Government Final Consumption Expenditure |
| सकल स्थायी पूंजी निर्माण | GFCF | Gross Fixed Capital Formation |
| सकल राष्ट्रीय उत्पाद | GNP | Gross National Product |
| सकल **मूल्य वर्धन** | GVA | Gross Value Added |
| भारतीय खान ब्यूरो | IBM | Indian Bureau of Mines |
| लक्षित मूल्य अपस्फीति | IPD | Implicit Price Deflators |
| मिश्रित आय | MI | Mixed Income |
| महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड | MTNL | Mahanagar Telephone Nigam Limited |

| | | |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी | NAS | National Accounts Statistics |
| राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी-स्रोत एवं विधि | NAS-SM | National Accounts Statistics Sources and Methods |
| नेस्कॉम | NASSCOM | National Association of Software & Service Companies |
| निवल पूंजी निर्माण | NCF | Net Capital Formation |
| निवल पूंजी स्टॉक | NCS | Net Capital Stock |
| निवल देशीय उत्पाद | NDP | Net Domestic Product |
| निवल देशीय बचत | NDS | Net Domestic Saving |
| अन्यत्र वर्गीकृत नहीं | n.e.c. | not elsewhere classified |
| निवल स्थायी पूंजी निर्माण | NFCF | Net Fixed Capital Formation |
| निवल स्थायी पूंजी स्टॉक | NFCS | Net Fixed Capital Stock |
| राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड | NHB | National Horticulture Board |
| राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण | NIC | National Industrial Classification |
| निवल राष्ट्रीय उत्पाद | NNP | Net National Product |
| राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण | NSS | National Sample Survey |
| राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण **कार्यालय** | NSSO | National Sample Survey Office |
| तेल व प्राकृतिक गैस आयोग | ONGC | Oil and Natural Gas Commission |
| भारत तेल लिमिटेड | OIL | Oil India Limited |
| परिचालन अधिशेष | OS | Operating Surplus |
| निजी अंतिम उपभोग व्यय | PFCE | Private Final Consumption Expenditure |
| भारतीय रिजर्व बैंक | RBI | Reserve Bank of India |
| विशेष आंकड़ा प्रसार मानक | SDDS | Special Data Dissemination Standards |
| दूरदर्शन | TV | Television |
| भारतीय यूनिट ट्रस्ट | UTI | Unit Trust of India |
| थोक मूल्य सूचकांक | WPI | Wholesale Price Index |